**प्रेसनोट थाना कमलानगर जनपद आगरा।**

# थाना कमलानगर व स्वाट टीम के संयुक्त ऑपरेशन द्वारा मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड में डकैती डाल भारी मात्रा में सोना और रूपया लूट कर ले जाने वाले रू0 25,000/- के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से लूट के 01 किलो 02 ग्राम सोने के आभूषण ( कुल 173 नग ), रू0 63,000/- नगद, 01 अवैध तमंचा सहित अन्य सामान बरामद

## घटना का विवरण:-

दिनांक 17.07.2021 को वादी श्री विजय कुमार नरवरिया पुत्र महेश कुमार नरवरिया द्वारा थाना कमलानगर पर सूचना दी गयी कि मैं मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड बी 36 तीसरा फ्लोर नियर बैंक ऑफ इण्डिया थाना कमला नगर जनपद आगरा पर ब्रान्च मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं। मैं तथा समस्त स्टाफ ब्रान्च में मौजूद थे। आज दोपहर लगभग 01:00 बजे से 02:00 के मध्य दो व्यक्ति शाखा के अन्दर आये और लोन के सम्बन्ध में बात करने लगे, इसके बाद तीन व्यक्ति और अन्दर आ गये और उन लोगों ने असलाह निकाल कर हम लागों पर तानते हुए चुपचाप रहने के लिए बोला वरना जान से मारने की धमकी देने लगे। वो मुझे व मेरे स्टाफ को असलहों की बटों व लात-घूसों से मारने लगे। मुझसे जबरदस्ती सेफ खुलवाकर, उन्होंने पॉलिथिन के पैकटों और प्लास्टिक के डिब्बों में रखे लगभग 19 किग्रा सोना तथा रू0 6,00,000/- अपने साथ लाये बैगों में भर लिये और हम लोगों को शाखा में अन्दर बन्द कर बाहर से ताला लगा धमकी देकर भाग गये। इस संवेदनशील घटना पर तत्काल थाना कमलानगर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए मु0अ0सं0 168/21 धारा 395/397 भादवि पंजीकृत किया गया था।

जनपद आगरा पुलिस को चुनौती देती हुयी उपरोक्त सनसनीखेज घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा मौके पर पहुंच मुआयना किया गया एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत के सफल पर्यवेक्षण में क्राइम ब्रान्च, थाना हरीपर्वत, सदर, न्यू आगरा सहित अन्य टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपद की सीमाओं को सील किया गया था।

दिनांक 17.07.2021 को पुलिस टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए एत्मादपुर से खंदौली रोड पर पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन चैकिंग व गश्त के दौरान माँ खैरानी मेडीकल स्टोर के पास दो अभियुक्तों को घेरकर गिरफ्तारी का प्रयास करने पर दोनों अभियुक्त मैडिकल स्टोर के अन्दर जाकर फायरिंग करने लगे थे। मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

दिनांक 21.07.2021 वांछित अभियुक्तों की तलाश में दी जा रही दबिश में अत्यधिक दवाब व डर के कारण अभियुक्त प्रभात शर्मा ने थाना कमला नगर पर आकर अपने आप को पुलिस के सुपुर्द कर दिया था।

इसी क्रम में दिनांक 23.07.2021 को गठित पुलिस टीमों द्वारा घटना में वांछित अभियुक्तों की तलाश हेतु पुष्पांजलि सिटी के पास चैकिंग व गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मणप्पुरम गोल्ड में डकैती डालने में वांछित/इनामी सन्तोष जाटव शनि चैक बल्केश्वर मनोहरपुर की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहा है एवं उसके पास लूटा गया सामान भी है, यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया।

## ➢ पुलिस टीमों द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण:-

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये योजना बनाकर बताये स्थान के आस पास स्थान पर आड़ लेकर खड़े हो गयी एवं एक टीम द्वारा बैरियर लगाकर चैकिंग प्रारम्भ की गयी। कुछ देर बाद मनोहरपुर की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। मुखबिर द्वारा वांछित अभियुक्त को पहचान लिया गया। पुलिस टीम को देख अभियुक्त मोटर साइकिल पीछे मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अभियुक्त द्वारा जान से मारने के उद्देश्य से पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी, जिसमें प्रभारी निरीक्षक कमलानगर बाल-बाल बच गये। पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस के साथ अपने आप का बचाव करते हुए अभियुक्त को चारों ओर से घेर लिया गया एवं आत्मसमर्पण के लिए कहा गया किन्तु अभियुक्त पुलिस टीम पर फायरिंग करता रहा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ अभियुक्त पर फायर किया गया, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लग गयी और घायल होकर गिर गया। टीम द्वारा चारों ओर से सावधानी पूर्वक घेरघोट करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 02 ग्राम सोने के आभूषण (कुल 173 नग), रू0 63,000/- नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस, 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लैण्डर प्रो बिना नम्बर बरामद हुआ।

## ➢ पूछताछ का विवरण:-

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर अपना नाम सन्तोष जाटव पुत्र रघुवीर सिंह नि0 नगला पचिया हुमायूँपुर सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद बताया। बरामद रूपये व सोने के आभूषण के बारे में बताया कि करीब एक सप्ताह पहले मैंने अपने साथियों मनीष पाण्डेय, निर्दोष कुमार, प्रभात शर्मा, नरेन्द्र उर्फ लाला, अंशुल सोलंकी, रेनू पण्डित के साथ मिलकर कमला नगर स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में डकैती डालकर आभूषण व नगदी लूटी थी। बरामद मोटर साइकिल के बारे में बताया कि यह मैंने आगरा से ही चोरी की थी । इस सम्बन्ध में थाना कमलानगर पर मु0अ0सं0 169/21 धारा 307 भादवि ( पुलिस मुठभेड़ ), मु0अ0सं0 170/21 धारा 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि, मु0अ0सं0 171/21 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विशेषः-

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा अभियुक्त सन्तोष जाटव उपरोक्त पर पूर्व में रुपये 25,000/- का इनाम घोषित किया गया था।

## ➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

1. सन्तोष जाटव पुत्र रघुवीर सिंह नि0 नगला पचिया हुमायूँपुर सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

## ➢ बरामदगी का विवरण:-

1. 01 किलो 02 ग्राम सोने के आभूषण ( कुल 173 नग )।
2. रू0 63,000/- नगद।
3. 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस।
4. 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लैण्डर प्रो बिना नम्बर चोरी की।

## ➢ आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 875/12 धारा 392 भादवि थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
2. मु0अ0सं0 500/16 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
3. मु0अ0सं0 225/17 धारा 307 भादवि थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
4. मु0अ0सं0 227/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
5. मु0अ0सं0 473/17 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।

6. मु0अ0सं0 226/17 धारा 41/102 सीआऱपीसी व 411 भादवि थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
7. मु0अ0सं0 879/19 धारा 323/308 भादवि थाना सिकन्दरा जनपद आगरा
8. मु0अ0स0 168/21 धारा 395/397/412/120बी भा0द0वि0 थाना कमला नगर जनपद आगरा।
9. मु0अ0सं0 169/21 धारा 307 भादवि ( पुलिस मुठभेड़ )थाना कमला नगर जनपद आगरा।
10. मु0अ0सं0 170/21 धारा 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि थाना कमला नगर जनपद आगरा।
11. मु0अ0सं0 171/21 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना कमला नगर जनपद आगरा।

## ➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र शर्मा थाना कमलानगर जनपद आगरा।
2. निरीक्षक श्री आशीष कुमार क्राइम टीम जनपद आगरा।
3. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार स्वाट टीम जनपद आगरा।
4. उ0नि0 श्री अजय कुमार प्रभारी स्वाट टीम जनपद आगरा।
5. उ0नि0 अरूण कुमार थाना कमलानगर जनपद आगरा।
6. उ0नि0 अश्वनी कुमार थाना कमलानगर जनपद आगरा।
7. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना कमलानगर जनपद आगरा।
8. उ0नि0 गिरीश कुमार थाना कमलानगर जनपद आगरा।
9. हे0का0 विजय कुमार, का0 जितेन्द्र सिंह, का0 राजीव, का0 दिनेश कुमार, का0 अजय कुमार, व चालक का0 रूपेश कुमार थाना कमलानगर जनपद आगरा।
10. हे0का0 आदेश त्रिपाठी, हे0का0 करनवीर, हे0का0 दीपक कुमार, हे0का0 अरूण कुमार, हे0का0 प्रशान्त कुमार, अजीत कुमार, का0 राजकुमार, का0 आशीष कुमार सर्विलांस टीम जनपद आगरा।
11. हे0का0 अरविन्द, हे0का0 अनिल तिवारी, का0 श्याम स्वाट टीम जनपद आगरा।

**मीडिया सेल जनपद आगरा।**